www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 June 24, 2012 Shift 1 Sociology Question Paper

## PAPER-II
## SOCIOLOGY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 0 5 1 2**

Time : 1 $^1/_4$ hours]

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

Prepp
Your Personal Exams Guide

# SOCIOLOGY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** Sociological perspective is primarily related to an attempt to
(A) change the social order
(B) understand the social order
(C) reform the social order
(D) adjust to the social order

**2.** Match the items in List – I with the items in List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Concepts)** | **List – II (Social Scientists)** |
|---|---|
| (a) The poverty of Philosophy | (i) Peter Berger and T. Luckman |
| (b) Symbolic interactionism | (ii) Karl Marx |
| (c) Manifest and latent function | (iii) Herbert Blumer |
| (d) The social construction of reality | (iv) R.K. Merton |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**3.** Which among the following is an example of a community ?
(A) Family
(B) Marriage
(C) Village
(D) Refugee Camp

**4.** Emile Durkhiem defines society as
(A) Community of ideas
(B) Homogeneous community
(C) Moral community
(D) Ethical community

**5.** **Assertion (A) :** According to Karl Marx class exploitation can be brought to an end only when the means of production is communally owned.
**Reasons (R) :** The ruling class derives its power from the ownership and control of the means of production.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

**6.** Which one among the following is an instance of social action according to Max Weber ?
(A) To cyclists colliding with each other.
(B) Persons travelling in a train.
(C) Two cyclists exchanging blows after they collide.
(D) Persons opening umbrellas when it starts raining.

**7.** Which among the following is not, in Marxian terminology component of mode of production :
(A) Means of production
(B) Instruments of production
(C) Forces of production
(D) Relations of production

Prepp
Your Personal Exams Guide

# समाजशास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण प्राथमिक रूप से क्या करने की चेष्टा से सम्बन्धित है ?

(A) सामाजिक व्यवस्था को बदलने की
(B) सामाजिक व्यवस्था को समझने की
(C) सामाजिक व्यवस्था को सुधारने की
(D) सामाजिक व्यवस्था के साथ समायोजित होने की

**2.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये ।

| **सूची – I (अवधारणा)** | **सूची – II (समाजशास्त्री)** |
|---|---|
| (a) जीवनदर्शन का दारिद्रय | (i) पीटर बर्जर व टी. लकमैन |
| (b) प्रतीकात्मक अंत:क्रियावाद | (ii) कार्ल मार्क्स |
| (c) प्रकट तथा अप्रकट प्रकार्य | (iii) हर्बर्ट ब्लूमर |
| (d) यथार्थता का सामाजिक निर्माण | (iv) आर. के. मर्टन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**3.** समुदाय का उदाहरण निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(A) परिवार
(B) विवाह
(C) गांव
(D) शरणार्थी शिविर

**4.** दुर्खीम ने समाज को किस रूप में परिभाषित किया है ?

(A) विचारों का समुदाय
(B) समरसपूर्ण समुदाय
(C) नैतिक या सदाचारी समुदाय
(D) नीतिपरक समुदाय

**5.** **अभिकथन (A)** : कार्ल मार्कस के अनुसार वर्ग शोषण को केवल तभी समाप्त किया जा सकता है जब उत्पादन के साधनों पर समुदाय का स्वामित्व हो ।

**कारण (R)** : शासी वर्ग उत्पादन के साधनों के नियन्त्रण तथा स्वामित्व से अपनी शक्ति प्राप्त करता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**6.** मैक्स वेबर के अनुसार सामाजिक कृत्य का दृष्टान्त निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(A) दो साइकल सवारों का एक दूसरे के साथ टकराना
(B) ट्रेन में सफ़र कर रहे व्यक्ति
(C) दो साइकल सवारों का एक दूसरे से टकराने के बाद घूँसेबाजी करना
(D) वर्षा प्रारम्भ होने पर व्यक्तियों का छाता खोलना

**7.** मार्क्सवादी शब्दावली में उत्पादन की पद्धति का घटक निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है ?

(A) उत्पादन के साधन
(B) उत्पादन के उपकरण
(C) उत्पादन की शक्तियां
(D) उत्पादन के सम्बन्ध

**8.** The Weberian model of social stratification has been used in the study of caste by
(A) S.C. Dube
(B) M.N. Srinivas
(C) T.N. Madan
(D) Andre Beteille

**9.** Which one among the following concepts is, according to Merton, capable of theoretically dealing with change ?
(A) Eufunction
(B) Non-function
(C) Quasifunction
(D) Dysfunction

**10.** Sanskritization implies
(A) Change in caste structure
(B) Change of caste structure
(C) Change for caste structure
(D) None of the above

**11.** A teacher in carrying out his duties has to respond to the expectations of his colleagues, students and guardians of the students. These people constitute for the teachers.
(A) Status set
(B) Multiple roles
(C) Role-set
(D) None of the above

**12.** Which one of the following is not an institution ?
(A) Marriage
(B) Education
(C) Policing
(D) Pick-pocketing

**13.** The prohibition of sagotra marriage among the Hindus is an example of marriage
(A) Taboo
(B) Clan exogamy
(C) The rules of caste endogamy
(D) The incest taboo

**14.** Which one of the following is known as the process by which cultural traits spread from one culturally distinct group to another ?
(A) Evolution
(B) Assimilation
(C) Accommodation
(D) Diffusion

**15.** The movement of a person from the position of clerk in Calcutta headquarters of L.I.C. to that position in Delhi headquarters of L.I.C. is an example of
(A) Horizontal mobility
(B) Upward mobility
(C) Vertical mobility
(D) Downward mobility

**16.** When an Indian couple prepares its daughters so that she is accepted in her husband's family after her marriage, it is a case of
(A) Socialization
(B) Resocialization
(C) Anticipatory socialization
(D) Adult socialization

**17.** According to Durkheim, religion consists in the distinction between
(A) the sacred and the secular
(B) the pure and the impure
(C) the sacred and the profane
(D) the gods and the ghosts

**18.** Resocialization is clearly evident when a
(A) girl's marriage just takes place
(B) child is born
(C) person works as a member of a revolutionary party
(D) child starts going to school

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

8. जाति के अध्ययन में सामाजिक स्तरीकरण के वेबरवादी प्रारुप (मॉडल) का उपयोग किसने किया है ?
(A) एस. सी. दूबे
(B) एम. एन. श्रीनिवास
(C) टी. एन. मदान
(D) आंद्रे बेतेई

9. मर्टन के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसी अवधारणा परिवर्तन के साथ सैद्धान्तिक रुप से सम्बन्धित होने की सामर्थ्य रखती है ?
(A) सुकार्य
(B) अप्रकार्य
(C) अर्द्ध - प्रकार्य
(D) अपक्रिया

10. संस्कृतिकरण का तात्पर्य है :
(A) जाति संरचना में परिवर्तन
(B) जाति संरचना का परिवर्तन
(C) जाति संरचना के लिये परिवर्तन
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

11. एक अध्यापक को, अपने कर्तव्यों को पूरा करने में, अपने सहकारियों, विद्यार्थियों तथा विद्यार्थियों के अभिरक्षकों की अपेक्षाओं का भी जवाब देना पड़ता है । अध्यापकों के लिये यह लोग क्या संस्थापित करते हैं ?
(A) सामाजिक स्थिति का रूप
(B) बहुविध भूमिकाएँ
(C) भूमिकाओं का पुंज
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

12. निम्नलिखित में से कौन एक संस्था नहीं है ?
(A) विवाह
(B) शिक्षा
(C) पुलिस व्यवस्था
(D) जेब कतरना

13. हिन्दुओं में सगोत्र विवाह का निषेध किसका उदाहरण है ?
(A) वर्जित कर्म
(B) गोत्र बहिर्विवाह (या विजातीय विवाह)
(C) जाति सगोत्र विवाह के नियम
(D) अगम्यगमन वर्जन (या निषिद्ध)

14. वो प्रक्रिया जिसके द्वारा सांस्कृतिक तन्त्र सांस्कृतिक रूप से एक विशेष समूह से दूसरे समूह में फैलता है, निम्नलिखित में से कौनसी है ?
(A) उद्विकास
(B) आत्मसात्करण
(C) समायोजन/अनुकूलन
(D) प्रसारण

15. एल. आई. सी. के कलकत्ता स्थित प्रधान कार्यालय में क्लर्क के पद पर कार्यरत व्यक्ति का दिल्ली स्थित कार्यालय में उसी पद पर आना किस का उदाहरण है ?
(A) क्षैतिज गतिशीलता
(B) उर्ध्वमुखी गतिशीलता
(C) उर्ध्वाकार गतिशीलता
(D) अधोमुखी गतिशीलता

16. जब भारतीय दम्पति अपनी पुत्री को तैयार करता है ताकि वो अपने विवाह के पश्चात् अपने पति के परिवार में स्वीकार कर ली जाए, यह किसका मामला है ?
(A) समाजीकरण
(B) पुनर्समाजीकरण
(C) प्रत्याशी समाजीकरण
(D) व्यस्क समाजीकरण

17. दुर्खीम के अनुसार, धर्म निम्नलिखित के बीच अन्तर में स्थित है :
(A) धार्मिक तथा धर्मनिरपेक्ष
(B) पवित्र तथा अपवित्र
(C) पावन और दुषित
(D) देव तथा भूत-प्रेत

18. पुन: समाजीकरण उस समय स्पष्टत: प्रत्यक्ष होता है जब
(A) लड़की का विवाह अभी - अभी हुआ है ।
(B) बच्चे ने जन्म लिया है ।
(C) व्यक्ति क्रान्तिकारी दल के सदस्य के रूप में कार्य करता है ।
(D) बच्चा विद्यालय जाना प्रारम्भ करता है ।

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**19.** Match the items in List – I with the items in List – II and choose the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Looking-glass self | (i) Karl Marx |
| (b) Alienation | (ii) William Ogburn |
| (c) Cultural lag | (iii) G.H. Mead |
| (d) Positivism | (iv) Auguste Comte |
| | (v) C.H. Cooley |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**20.** Sociology in India was introduced at the institutional level after it was well-established in Europe and U.S.A. Which one among the following is the year of introduction of sociology at the formal / institutional level ?

(A) 1894 (B) 1895
(C) 1939 (D) 1919

**21.** Match the items in List – I with items in List – II and select the right answer from the codes indicated below :

| List – I (Concept) | List – II (Sociologist) |
|---|---|
| (a) Organic solidarity | (i) Herbert Spencer |
| (b) Religious Ethic | (ii) Emile Durkheim |
| (c) Mode of Production | (iii) Vifredo Pareto |
| (d) Social evolution | (iv) Karl Marx |
| | (v) Max Weber |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (i) | (v) | (iii) |
| (C) | (v) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (ii) | (v) | (iv) | (i) |

**22.** Match the items in the List – I with the items in List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Acculturation | (i) A condition in which people may work together even though there are differences which separate them |
| (b) Assimilation | (ii) A process of adaptation in which elements of a culture form a composite whole |
| (c) Accommodation | (iii) A condition in which people of a culture tend to acquire some elements of other culture and leave some elements of their own |
| (d) Integration | (iv) A process wherein a minority group gradually gives up its own cultural patterns and acquire those of the dominant |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**19.** सूची – I के मदों को सूची – II के मदों से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) प्रतिबिम्बित स्व | (i) कार्ल मार्क्स |
| (b) अपवर्तन | (ii) विलियम ऑग्बर्न |
| (c) सांस्कृतिक विलम्ब | (iii) जी. एच. मीड |
| (d) प्रत्यक्षवाद | (iv) अगस्त कोंत |
| | (v) सी. एच. कूले |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**20.** यूरोप तथा यू. एस. ए. में समाजशास्त्र के सुस्थापित होने के उपरान्त यह भारत में संस्थानिक स्तर पर प्रयोग में लाया गया । निम्नलिखित में से कौन से वर्ष में समाजशास्त्र औपचारिक/संस्थानिक स्तर पर प्रयोग में लाया गया ?

(A) 1894 (B) 1895
(C) 1939 (D) 1919

**21.** सूची – I के मदों को सूची – II के मदों के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये ।

| सूची – I (अवधारणा) | सूची – II (समाजशास्त्री) |
|---|---|
| (a) जैविक पूर्णएकता | (i) हर्बर्ट स्पैंसर |
| (b) धार्मिक नीतिपरक | (ii) एमिली दुर्खीम |
| (c) उत्पादन की पद्धति | (iii) विफ्रेडो पारेटो |
| (d) सामाजिक उद्विकास | (iv) कार्ल मार्क्स |
| | (v) मैक्स वेबर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (i) | (v) | (iii) |
| (C) | (v) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (ii) | (v) | (iv) | (i) |

**22.** सूची – I के मदों को सूची – II के मदों के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये -

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) परसंस्कृतिग्रहण | (i) वो स्थिति जिसमें लोग उन पृथक कर देने वाले मतभेदों के बावजूद भी इकट्ठे कार्य कर सकते हैं । |
| (b) आत्मसात्करण | (ii) अनुकूलन की प्रक्रिया जिसमें संस्कृति के तत्त्व सामासिक समग्र बनाते हैं । |
| (c) अनुकूलन/समायोजन | (iii) वो स्थिति जिसमें एक संस्कृति के लोग दूसरी संस्कृति के कुछ तत्त्व ग्रहण करने लगते हैं और अपने कुछ तत्त्व उसमें छोड़ देते हैं । |
| (d) एकीकरण | (iv) वो प्रक्रिया जहाँ अल्प संख्यक समूह अपने संस्कृतिक प्रतिमानों को क्रमश: त्याग देते हैं और प्रभावी समूह के अर्जित कर लेते हैं । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**23.** Which one of the following is an example of ascribed status ?

(A) Teacher (B) Student
(C) Brahmin (D) Doctor

**24.** Tertiary sector is also known as

(A) Processing sector
(B) Forestry sector
(C) Mining sector
(D) Services sector

**25.** Match the items in List – I with the items in List – II and select the correct answer from the code given below

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Homo Hierarchicus | (i) Claude Levi-Strauss |
| (b) The Savage Mind | (ii) Andre Beteille |
| (c) Caste, Class and Power | (iii) M.N. Srinivas |
| (d) Caste in Modern India and other Essays | (iv) Louis Dumont |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**26.** Rise of new technologies in the sphere of information and communication leading to greater globalization is a future of

(A) Agrarian Society
(B) Industrial Society
(C) Post-Industrial Society
(D) Rural Society

**27.** Which of the following thinkers used a system of binary opposition in structural approach to social phenomena ?

(A) Nadel
(B) Radcliffe-Brown
(C) Levi-Strauss
(D) Malinowski

**28.** Which of the following is correct according to Mead :

(A) Self can also emerge in the absence of social experience
(B) Self does not allow people to take part in conversation with others.
(C) Body becomes a self only when a mind has developed.
(D) Mind and self can be separated from each other.

**29.** Which of the following does not represent the Dahrendorf's theory of conflict ?

(A) Social change is ubiquitous in human society
(B) Conflict can be both latent and manifest
(C) Every society experiences social conflict
(D) Economic and social inequalities are the sole sources of conflict

**30.** Which of the following statements represents the functional theory of Emile Durkhiem ?

(A) Society does not necessarily go through the fixed stages of development
(B) A whole is not identical to the sum of its parts.
(C) Social phenomena can be reduced to individuals phenomena
(D) Collective will emanate from human will

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**23.** आरोपित स्थिति का उदाहरण कौनसा है ?

(A) अध्यापक (B) विद्यार्थी

(C) ब्राह्मण (D) डाक्टर

**24.** तृतीय क्षेत्र को निम्नलिखित नाम से भी जाना जाता है :

(A) प्रक्रमण क्षेत्र

(B) वनविद्या क्षेत्र

(C) खनन (खान-खुदाई) क्षेत्र

(D) सेवा क्षेत्र

**25.** सूची – I में दी मदों को सूची – II में दी मदों के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये -

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) होमो हाइरारकिकस | (i) क्लॉड लेवी स्ट्रॉस |
| (b) दी सैवेज माइंड | (ii) आंद्रे बेतेइ |
| (c) कास्ट, क्लास एण्ड पावर | (iii) एम. एन. श्रीनिवास |
| (d) कास्ट इन मॉडर्न इंडिया एण्ड अदर असैस | (iv) लुई ड्यूमों |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**26.** सूचना तथा संचार के क्षेत्र में नव प्रौद्योगिकीयों में उन्नति ज्यादा अधिक वैश्वीकरण की ओर प्रवृत्त कर रही है यह किसका भविष्य दर्शाता है ?

(A) कृषिक समाज

(B) औद्योगिक समाज

(C) उत्तर - औद्योगिक समाज

(D) ग्रामीण समाज

**27.** निम्नलिखित विचारकों में से किसने सामाजिक प्रपंच के संरचनात्मक उपागम में द्विआधारी विरोध की प्रणाली का उपयोग किया ?

(A) नादेल

(B) रैडक्लिक ब्राऊन

(C) लेवी स्ट्रॉस

(D) मैलिनौस्की

**28.** मीड के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) सामाजिक अनुभव की अनुपस्थिति में भी आत्म/स्व उभर सकता है ।

(B) आत्म/स्व लोगों को दूसरों के साथ वार्तालाप की अनुमति नहीं देता है ।

(C) मस्तिष्क के परिपक्व हो जाने के बाद ही देह आत्मन बनता है ।

(D) मस्तिष्क/मानस तथा आत्मन को एक दूसरे से पृथक किया जा सकता है ।

**29.** डारेनड्रॉफ के संघर्ष के सिद्धान्त को निम्नलिखित में से क्या प्रकट नहीं करता है ?

(A) मानवीय समाज में सामाजिक परिवर्तन सर्वव्यापी है ।

(B) संघर्ष प्रकट तथा अप्रकट दोनों हो सकता है ।

(C) प्रत्येक समाज सामाजिक संघर्ष का अनुभव करता है ।

(D) संघर्ष का एकमात्र स्त्रोत आर्थिक एवं सामाजिक असमानताएँ हैं ।

**30.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन इमाइल दुर्खीम के प्रकार्यात्मक सिद्धान्त को निरूपित करता है ?

(A) समाज, विकास की स्थिर अवस्थाओं से नहीं गुजरता है

(B) सम्पूर्ण अपने अंशों के योग के समरुप नहीं होता है ।

(C) सामाजिक प्रपंच को व्यक्तिगत प्रपंच में बदला जा सकता है ।

(D) सामूहिक वसीयत मानवीय वसीयत से निकलती है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** Functionalism constitutes an important element in the social theories of

(A) E. Durkheim and C. Levi-Strauss
(B) E. Durkheim and Max Weber
(C) Talcott Parsons and Karl Marx
(D) A.R. Radcliffe-Brown and R.K. Merton

**32.** Choose the correct sequence of Parsons' schema of social action and social system

(A) Social system, cultural system, personality system and Biological organism
(B) Personality system, cultural system, Social system and Biological system
(C) Biological organism, Personality system, Social system and Cultural system
(D) Cultural system, Biological system, Personality system and Social system

**33.** Match the items in List – I with the items in List – II and choose the right answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) Malinowski | (i) Pattern variables |
| (b) Durkheim | (ii) Postulates of functional analysis |
| (c) Parsons | (iii) Collective consciousness |
| (d) Merton | (iv) Biological need-based functionality |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**34.** Basic principles of symbolic interactionism include

(a) Human capacity for thought
(b) Social institutions and social interactions
(c) Mind and social consciousness
(d) Meanings and symbols that facilitate action and interaction

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (a) and (b)
(B) (b) and (c)
(C) (c) and (d)
(D) (a) and (d)

**35.** There are two statements, one is Assertion (A) and the other is Reason (R). Select the correct answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** People are able to order a world that otherwise would be confusing.

**Reasons (R) :** Symbols enable people to deal with the material and social world by allowing them to name, categorise and remember what they encounter.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** प्रकार्यतावाद किसके सामाजिक सिद्धान्तों में महत्त्वपूर्ण तत्त्व है ?

(A) इ. दुर्खीम तथा सी. लेवी – स्ट्रॉस

(B) इ. दुर्खीम तथा मैक्स वेबर

(C) टॅलकॉट पारसन्स तथा कार्ल मार्क्स

(D) ए. आर. रैडक्लिफ - ब्राऊन तथा आर. के. मर्टन

**32.** समाजकार्य तथा सामाजिक व्यवस्था के सम्बन्ध में पारसन्स की योजना का सही अनुक्रम बताइये :

(A) सामाजिक व्यवस्था, सांस्कृतिक व्यवस्था, व्यक्तित्व व्यवस्था तथा जैविक शरीर-रचना

(B) व्यक्तित्व व्यवस्था, सांस्कृतिक व्यवस्था, सामाजिक व्यवस्था तथा जैविक शरीर-रचना

(C) जैविक शरीर - रचना, व्यक्तित्व व्यवस्था, सामाजिक व्यवस्था, सांस्कृतिक व्यवस्था

(D) सांस्कृतिक व्यवस्था, जैविक व्यवस्था, व्यक्तित्व व्यवस्था तथा सामाजिक व्यवस्था ।

**33.** सूची – I के मदों को सूची – II के मदों के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) मैलिनॉवस्की | (i) प्रतिमान चर |
| (b) दुर्खीम | (ii) प्रकार्यात्मक विश्लेषण की अभिधारणाएं |
| (c) पारसन्स | (iii) सामूहिक चेतना |
| (d) मर्टन | (iv) जैविक आवश्यकता आधारित कार्यकारिता |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**34.** प्रतीकात्मक अंत:क्रियावाद के मूलभूत सिद्धान्तों में समाविष्ट है :

(a) सोचने की मानवीय क्षमता

(b) सामाजिक संस्थाएँ तथा सामाजिक अंत:क्रियाएँ

(c) मानस तथा सामाजिक चेतना

(d) अर्थ तथा प्रतीक जो क्रिया तथा अंत:क्रिया को सुलभ बनाती है ।

नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

**कूट :**

(A) (a) और (b)

(B) (b) और (c)

(C) (c) और (d)

(D) (a) और (d)

**35.** नीचे दो कथन दिये गये हैं एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A)** : लोग विश्व को व्यवस्थित करने में सक्षम हैं, जो कि अन्यथा संभ्रमित होगा ।

**कारण (R)** : चिह्न / प्रतीक लोगों को भौतिक तथा सामाजिक दुनिया के साथ निबटने की क्षमता प्रदान करते हैं । और ऐसा वे उन्हें नाम देने, वर्गीकृत करने तथा स्मरण रखने की योग्यता देकर करते हैं ।

नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** Which one of the following, thinkers observed that conflict is likely to occur in social relations because violent coercion can always be used by people in an interaction setting ?

(A) Collins
(B) Simmel
(C) Dohrendorf
(D) Coser

**37.** Who, among the following, has emphasized the positive functions of the conflict in society ?

(A) Lewis A. Coser
(B) Karl Marx
(C) Max Weber
(D) Emile Durkheim

**38.** According to Durkheim, the nature of Modern law is

(A) Repressive
(B) Restitutive
(C) Normative
(D) Formal

**39.** Which of the following is not regarded as the characteristic feature of scientific method ?

(A) Reliability
(B) Validity
(C) Replicability
(D) Common sense observation

**40.** The purpose of the survey is

(A) In depth study of social phenomena
(B) Extensive coverage of population
(C) Testing of a theory
(D) Establishing causal linkage

**41.** Which of the following is associated with Descriptive Design ?

(A) Analysis of Demographic Trends
(B) Impact assessment of development intervention
(C) Causal explanation of violence against women
(D) Cross-cultural study

**42.** In which of the following types of research, hypothesis is a pre-requisite ?

(A) Biographical study
(B) Experimental study
(C) Interpretative research
(D) Critical research

**43.** Which type of sampling method is ideally suited, where there is no knowledge about population ?

(A) Convenient sampling method
(B) Purposive sampling method
(C) Quota sampling method
(D) Snowball sampling method

**44.** Participant observation method is ideally suited for the study of

(a) Tribal Culture
(b) National Culture
(c) Ethnographic study
(d) Phenomenon of Globalisation

Select the correct answer from the codes given below :

(A) (a) and (b)
(B) (a) and (c)
(C) (a) and (d)
(D) (c) and (b)

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**36.** निम्नलिखित विचारकों में से किसने विचार किया कि सामाजिक सम्बन्धों में संघर्ष हो सकता है, क्योंकि पारस्परिक क्रिया की स्थिति में लोगों द्वारा हिंसात्मक बल प्रयोग का हमेशा उपयोग किया जा सकता है ?

(A) कॉलिन्स

(B) सिमेल

(C) डारेनडॉर्फ

(D) कोज़र

**37.** समाज में संघर्ष के सकारात्मक प्रकार्यों पर निम्नलिखित में से किसने ज़ोर दिया है ?

(A) लेविस ए. कोज़र

(B) कार्ल मार्क्स

(C) मैक्स वेबर

(D) इमाईल दुर्खीम

**38.** दुर्खीम के अनुसार, आधुनिक कानून का स्वरुप क्या है ?

(A) दमनकारी

(B) क्षतिपूरक

(C) मानकीय

(D) औपचारिक

**39.** वैज्ञानिक विधि का विशिष्ट लक्षण निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है ?

(A) विश्वसनीयता

(B) वैधता

(C) पुनरावृत्तिता

(D) सहज बोध अवलोकन

**40.** सर्वेक्षण का उद्देश्य है :

(A) सामाजिक प्रपंच का गहन अध्ययन

(B) जनसंख्या का विस्तृत कवरेज

(C) सिद्धान्त का परीक्षण

(D) कार्य-कारण सम्बन्ध स्थापित करना

**41.** विवरणात्मक अभिकल्प (डिजाइन) के साथ कौन सा सम्बन्धित है ?

(A) जनांकिकीय प्रवृत्तियों का विश्लेषण

(B) विकास हस्तक्षेप के प्रभाव का मूल्यांकन

(C) स्त्रियों के विरुद्ध हिंसा की कारणात्मक व्याख्या

(D) अन्योन्य – सांस्कृतिक अध्ययन

**42.** शोध के निम्नलिखित प्रकारों में से किसमें परिकल्पना की पूर्वापेक्षा है ?

(A) जीवन सम्बन्धी अध्ययन

(B) प्रयोगात्मक अध्ययन

(C) निर्वचनीय अध्ययन

(D) आलोचनात्मक अध्ययन

**43.** जनसमुदाय के बारे में कोई जानकारी न होने पर कौन से प्रकार की प्रतिचयन पद्धति अभीष्ट रूप से उपयुक्त है ?

(A) सुविधाजनक प्रतिचयन पद्धति

(B) सोद्देश्य प्रतिचयन पद्धति

(C) नियतांश (कोटा) प्रतिचयन पद्धति

(D) स्नोबॉल प्रतिचयन पद्धति

**44.** सहभागी अवलोकन पद्धति किसके अध्ययन के लिये पूरी तरह से उपयुक्त है ?

(a) जनजातीय संस्कृति

(b) राष्ट्रीय संस्कृति

(c) नृजातीय अध्ययन

(d) वैश्वीकरण का परिदृश्य

नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें -

(A) (a) और (b)

(B) (a) और (c)

(C) (a) और (d)

(D) (c) और (b)

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** There are two statements, one is Assertion (A) and the other is Reason (R). Select the correct answer from the Codes given below :

**Assertion (A) :** Qualitative methods are often criticized for failing to meet the same standards of reliability.

**Reasons (R) :** The procedures used to collect data in qualitative studies are precise and accurate.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

**46.** There are two statements, one is Assertion (A) and the other is Reason (R). Select the correct answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** Life history research can help to raise people's consciousness and awareness of their exploitation.

**Reasons (R) :** Life history research encourages people to reflect upon the factors that have shaped thin life experiences.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

**47.** Match List – I with the List – II and mark the correct answer from the codes given below the lists :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) Central Tendency | (i) Mean Deviation |
| (b) Dispersion | (ii) Pearson's coefficient |
| (c) Correlation | (iii) Mean |
| (d) Test of Significance | (iv) 't'-test |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**48.** When a particular technique applied repeatedly to the same object producing the same result each time, it is said to have

(A) Validity (B) Reliability
(C) Probability (D) Subjectivity

**49.** Observe the following Table and answer the question given below :

| Age Group | Frequency |
|---|---|
| 20 – 29 | 04 |
| 30 – 39 | 06 |
| 40 – 49 | 09 |
| 50 – 59 | 12 |
| 60 – 69 | 15 |
| 70 – 79 | 09 |
| 80 – 89 | 04 |

In the distribution shown above the median falls in the interval between :

(A) 40 – 49 (B) 50 – 59
(C) 60 – 69 (D) 70 – 79

**50.** Calculation of number of deaths per thousand people falls under the measure of

(A) Nominal scale
(B) Ordinal scale
(C) Ratio scale
(D) Interval scale

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** दो कथन दिये गये हैं एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है । नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये ।

**अभिकथन (A) :** विश्वसनीयता के कुछ मानदण्डों को पूरा न कर सकने के कारण गुणात्मक पद्धतियों की प्राय: आलोचना की जाती है ।

**कारण (R) :** गुणात्मक अध्ययनों में आंकड़े एकत्रित करने की प्रक्रियाएं यथातथ्य तथा ठीक – ठीक होती हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**46.** यहाँ दो कथन दिये गये हैं एक को अभिकथन तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है । नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये ।

**अभिकथन (A) :** जीवन इतिहास शोध लोगों में उनके शोषण के प्रति चेतना एवं जागरुकता बढ़ाने में सहायता कर सकता है ।

**कारण (R) :** जीवन इतिहास शोध लोगों को उन कारकों पर विचार करने के लिये प्रोत्साहित करता है, जिन्होंने उनके जीवन के अनुभवों को आकार दिया है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**47.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये -

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) केन्द्रीय प्रवृत्ति | (i) माध्य विचलन |
| (b) प्रकीर्णन | (ii) पियरसन का सहसम्बन्ध |
| (c) सहसम्बन्ध | (iii) माध्य |
| (d) सार्थकता का परीक्षण | (iv) 't'-परीक्षण |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**48.** जब एक ही वस्तु पर एक विशेष तकनीक को बारम्बार प्रयुक्त करने पर एक ही परिणाम निकलता है, तो इसे कहा जाता है इसकी

(A) वैधता (B) विश्वसनीयता

(C) प्रायिकता (D) व्यक्तिपरकता

**49.** निम्नलिखित सारिणी को ध्यान से देखें और नीचे दिये प्रश्न का उत्तर दीजिये

| आयु समूह | आवृत्ति |
|---|---|
| 20 – 29 | 04 |
| 30 – 39 | 06 |
| 40 – 49 | 09 |
| 50 – 59 | 12 |
| 60 – 69 | 15 |
| 70 – 79 | 09 |
| 80 – 89 | 04 |

उपर्युक्त वितरण में माध्यिका किस अन्तराल में पड़ता है ?

(A) 40 – 49 (B) 50 – 59

(C) 60 – 69 (D) 70 – 79

**50.** प्रति हजार व्यक्ति मृत्यु की संख्या का परिकलन किस मापन के अन्तर्गत पड़ता है ?

(A) नामित पैमाना (या मापनी)

(B) क्रमसूचक पैमाना

(C) अनुपात पैमाना

(D) अंतराल पैमाना

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**